प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.05.2026/प्रादेशिक समाचार 11:00बजे

राष्ट्रपति पदम पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में 66 विशिष्ट लोगों को वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। समारोह में उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहेंगे। आज दो पद्म विभूषण, छह पद्म भूषण और 58 पद्मश्री अलंकरण दिए जायेंगे। राष्ट्रपति ने वर्ष 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों की स्वीकृति दी है। इनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री अलंकरण हैं। शेष पद्म पुरस्कार बाद में समारोह के दूसरे दौर में दिए जायेंगे।

पंचायत चुनाव

प्रदेश में कल 26 मई को होने वाले पहले चरण के पंचायत चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान सुबह 7 बजे से सांय 3 बजे तक मत पत्र व मत पेटियों के माध्यम से करवाया जाएगा। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता.....

प्रदेश में कल पहले चरण में 1 हजार 2 सौ 93 ग्राम पंचायतों में प्रथम चरण का मतदान होगा। मतदान के सुचारू संचालन के लिए कुल 8 हजार 198 मतदान दल गठित किए गए हैं। दूसरे चरण में 28 जबकि तीसरे व अंतिम चरण में 30 मई को मतदान होना है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार इन चुनावों के प्रदेश भर में कुल 21 हजार 6 सौ 78 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। पहले चरण के चुनाव के लिए सभी मतदान दल अपने–अपने केंद्रों में पहुंच चुके हैं। तीन चरणों में होने जा रहे प्रदेश में कुल 3 हजार 7 सौ 54 ग्राम पंचायतों के लिए तीन चरणों में चुनाव हो रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार कुल 31 हजार 182 पदों के लिए हो रहे चुनाव में 70 हजार 2 सौ 24 उम्मीदवार चुनावी रण में हैं।

निर्वाचन आयोग

इस बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी मतदाताओं से स्वतंत्र और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने व किसी भी प्रकार के प्रलोभन से दूर रहने की अपील की है। आयोग ने ये भी स्पष्ट किया है कि केवल वही मतदाता मतदान केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे जिनका नाम उस मतदान केंद्र की मतदाता सूची में शामिल होगा।

कांगड़ा चुनाव सुरक्षा

कांगड़ा जिले में पंचायत चुनाव के पहले चरण में होने वाले मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न ने बताया कि सभी 8 सौ 95 पोलिंग बूथों पर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अशोक रत्न ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है ताकि मतदाता बिना किसी डर या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

बस सेवा

प्रदेश को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाली सबसे लंबे रूट पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की दिल्ली–केलंग–लेह बस सेवा कल से एक बार फिर शुरू हो रही है। क्षेत्रीय प्रबंधक केलंग अंशित शर्मा ने कहा कि केलंग लेह मार्ग को सभी प्रकार के वाहनों के लिए खोल दिए जाने के बाद ये बस सेवा पुनः आरंभ की गई है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे लाहौल स्पीति संवाददाता

एनटीए/सीबीएसई

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए ने 28 मई को होने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा की तिथि आगे बढ़ा दी है। एनटीए ने कहा कि बकरीद की तिथि में बदलाव के कारण यह निर्णय लिया गया है। संशोधित परीक्षा तिथि की सूचना शीघ्र ही दी जाएगी।

इस बीच केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बारहवीं की बोर्ड परीक्षा की स्कैन उत्तर पुस्तिकाओं को प्राप्त करने की अंतिम तिथि आज तक के लिये बढ़ा दी है। बोर्ड ने कहा कि छात्रों को आवेदन करने का पर्याप्त समय देने के लिए यह फैसला किया गया। स्कैन कॉपी उपलब्ध कराने के बाद भी पोर्टल दो दिन तक खुला रहेगा। बोर्ड ने बताया कि पुनर्मूल्यांकन के लिये आवेदन करने की तारीख शीघ्र घोषित की जाएगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन दिनों में अधिकतम तापमान में करीब 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है। बीते 24 घंटों के दौरान ऊना 41 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। विभाग ने 26 से 28 मई के बीच ऊना, बिलासपुर, सोलन व कांगड़ा जिला के कुछ स्थानों में लू चलने का अनुमान जताया है। हालांकि विभाग ने 27 मई से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते मध्यम व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 30 मई तक अंधड़, बारिश और गर्जना की संभावना जताई है।

....